# कार्यालय– क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, गाजीपुर।

पत्रांक– 792/आ0हे0वे0से0/आबद्धीकरण/2021–22 दिनांक– 03.09.2021

## –: विज्ञप्ति :–

**(आयुष हेल्थ वेलनेस सेन्टर में अंशकालिक योग प्रशिक्षक – पुरूष एवं महिला के आबद्धीकरण हेतु)**

शासनादेश संख्या आ0मि0119/96–आयुष–2–2020–127/2016 आयुष अनुभाग–2 दिनांक 19.10.2020 एवं शासनादेश संख्या W-81/96–आयुष–2–2020–127/2016 दिनांक 04.12.2020 के कम में आयुष हेल्थं वेलनेस सेन्टर, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय – शादियाबाद, राजापुर, ईशोपुर एवं बहादुरगंज, जनपद– गाजीपुर में योग प्रशिक्षक (पुरूष)–04 पद एवं योग प्रशिक्षक (महिला)–03 पद पर अंशकालिक आबद्धीकरण अनुबन्ध के आधार पर नियम व शर्तो के अधीन किया जाना है। आवेदन पत्र कार्यालय–क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज परिसर, रौजा, गाजीपुर पिन–233002 के पते पर पंजीकृत/स्पीड पोस्ट डाक द्वारा दिनांक–14.09.2021 को सायं 05:00 बजे तक ही स्वीकार किये जायेंगे।

आवेदन से सम्बन्धित प्रारूप एवं नियम व शर्ते जिले की वेबसाईट – www.ghazipur.nic.in से अथवा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

डा0 आनन्द विद्यार्थी
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
गाजीपुर।

Scanned with CamScanner

# कार्यालय-क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, गाजीपुर।

पत्रांक- 792 क्षे0आ0यू0अधि0/हेल्थ वेलनेस सेन्टर/2021-22,

दिनांक- 03.09.2021

**-:विज्ञप्ति:-**

**(आयुष हेल्थ वेलनेस सेन्टर में योग प्रशिक्षक - पुरूष एवं महिला पद हेतु)**

शासनादेश सं0-आ0मि0-119/96-आयुष-2-2017-127/2016, दिनांक-19.10.2020 एवं मिशन निदेशक के पत्र सं0-577(1)/301 /मि0नि0/ 2020-21, दिनांक-20 अक्टूबर, 2020 एवं विशेष सचिव आयुष अनुभाग-2 के शासनादेश (संशोधित) पत्रांक-W-81/96-आयुष-2 -2020-127/2016, दिनांक-04 दिसम्बर, 2020 के अनुपालन में राष्ट्रीय आयुष मिशन के अन्तर्गत योग एवं योगिक कियाओं द्वारा उपचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र" (हेल्थ वेलनेस सेन्टर) के संचालन हेतु जनपद गाजीपुर में योग प्रशिक्षक (पुरूष) - 04 एवं योग प्रशिक्षक (महिला) - 03 का अंशकालीन आबद्धीकरण किया जाना है।

2. हेल्थ वेलनेस सेन्टर में योग प्रशिक्षक-पुरूष (अंशकालीन) को प्रतिमाह एच0डब्लू0सी0, स्कूलों व सामुदायिक स्तरों पर कम से कम 01 (एक) घण्टे वाले न्यूनतम 32 योग-सत्र आयोजित करने होंगे तथा योग प्रशिक्षक-महिला (अंशकालीन) को महिला समूह के लिए प्रति सत्र न्यूनतम 01 (एक) घण्टे के 20 योग कक्षायें आयोजित करनी होंगी। राष्ट्रीय आयुष मिशन, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशानुसार अन्य कार्य सम्पादित करने होंगे।

3. नियुक्ति की अवधि एक वर्ष के लिए है। यह योजना आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित की जा रही है। अतः अवधि का निर्धारण आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जायेगा।

4. उपरोक्त पदों हेतु आवेदनकर्ता द्वारा निर्धारित प्रारूप पर आवेदन-पत्र, पूर्ण विवरण तथा समस्त शैक्षणिक एवं अनुभव प्रमाण-पत्रों की सत्यापित छायाप्रति सहित, कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, रौजा, गाजीपुर, पिन-233002 के पते पर दिनांक-14.09.2021 को सायं 05:00 बजे तक पंजीकृत/स्पीड-पोस्ट डाक द्वारा ही स्वीकार्य होंगे।

5. अर्ह अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की सूचना अलग से प्रेषित की जायेगी।

| क0 सं0 | पदनाम | पदों की संख्या | राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय/ हेल्थ वेलनेस सेन्टर का नाम व स्थान | अर्हता | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | योग प्रशिक्षक - पुरूष (अंशकालीन) | (04)<br>अनारक्षित - 02<br>अनु0/अनु0 जनजाति - 01<br>अ0पि0वर्ग- 01 | (1) शादियाबाद<br>(2) राजापुर<br>(3) ईशोपुर<br>(4) बहादुरगंज | (अ) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों से साढ़े पाँच वर्षीय कोर्स बैचलर आफ नेचुरोपैथी एण्ड योगिक सांइस (बी0एन0वाई0एस0) डिग्री धारक।<br>अथवा<br>(ब) बी0ए0 (योग)/बी0एस0सी0 (योग) - 03 वर्षीय डिग्री धारक/एम0एस0सी0 (योग)/एम0ए0 (योग) डिग्री धारक।<br>• अनुभव - 01 वर्ष।<br>अथवा<br>(स) पी0जी0डिप्लोमा (न्यूनतम एक वर्षीय पाठकम) डिप्लोमा धारक।<br>• अनुभव - 02 वर्ष।<br>अथवा<br>(द) योग सर्टिफिकेशन बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा "योग वेलनेस इन्सट्रक्टर" प्रमाणपत्र धारक।<br>• अनुभव - 01 वर्ष। | रू0. 8000=00 प्रतिमाह नियत मानदेय |
| 2 | योग प्रशिक्षक - महिला (अंशकालीन) | (03)<br>अनारक्षित - 01<br>अनु0/अनु0 जनजाति - 01<br>अ0पि0वर्ग- 01 | (1) राजापुर<br>(2) ईशोपुर<br>(3) बहादुरगंज | | रू0. 5000=00 प्रतिमाह नियत मानदेय |

**अभ्यर्थी हेतु सामान्य निर्देश-**

1. योग प्रशिक्षक (अंशकालीन) हेतु न्यूनतम 21 वर्ष से अधिक किसी भी उम्र का हो सकता है। स्वस्थ एवं 65 वर्ष तक के अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी। 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर कार्यकाल स्वतः समाप्त समझा जायेगा।
2. हेल्थ वेलनेस सेन्टर में योग प्रशिक्षक पद हेतु स्थानीय निवासी को वरीयता दी जायेगी।
3. कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र, निर्धारित डिग्री/पी0जी0 डिप्लोमा/प्रमाण पत्र के उत्तीर्ण/प्राप्त करने के उपरान्त का ही मान्य होगा।
4. योग प्रशिक्षक (अंशकालीन), राष्ट्रीय आयुष मिशन, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत 01 वर्ष के लिए अनुबन्धित किये जायेंगे। राष्ट्रीय आयुष मिशन द्वारा योजना के निरन्तरता के अनुमोदनोपरान्त 01 वर्ष के बाद दूसरे अनुबन्ध के मध्य न्यूनतम 15 दिन का अन्तराल अनिवार्य रूप से रखा जायेगा। अवधि का निर्धारण आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किया जायेगा।
5. योग प्रशिक्षक (अंशकालीन) की सेवायें संतोषजनक न पाये जाने पर एक माह की नोटिस देकर समाप्त की जा सकेंगी। योग प्रशिक्षक (अंशकालीन) बिना किसी विशिष्ट कारण के और बिना सूचना के अपने कर्तव्य से एक सप्ताह से अधिक के लिए अनुपस्थित रहता है, तो उसका आबद्धीकरण अनुपस्थिति की तिथि से रद्द कर दिया जायेगा।
6. यह नियुक्तियाँ न तो किसी सृजित पद के विरूद्ध होनी है और न ही यह नियमित तैनाती है।
7. अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग को शासन द्वारा निर्गत समय-समय पर शासनादेशो के अनुसार योग प्रशिक्षक के आबद्धीकरण में आरक्षण का अनुपालन किया जायेगा, परन्तु प्रार्थना-पत्र न मिलने की दशा में उपलब्ध उपयुक्त अभ्यर्थियों का आबद्धीकरण किया जायेगा।
8. आवेदन पत्र पर नवीनतम प्रमाणित पासपोर्ट साइज की फोटो चस्पा करें।
9. आवेदन पत्र के साथ 12×27 सेमी0 के दो सादे लिफाफे जिस पर 45 रू0 का डाक टिकट लगा हो तथा लिफाफे के ऊपर "आयुष-हेल्थ वेलनेस सेन्टर में योग प्रशिक्षक पद हेतु आवेदन पत्र" अभ्यर्थी का नाम, पूरा पता, पिन कोड, मोबाईल नंम्बर एवं आरक्षण की कोटि का अंकन करना अनिवार्य है।
10. अभ्यर्थी के अर्ह या अनर्ह होने के सम्बंध में जिला स्तरीय चयन समिति का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा। अपूर्ण/त्रूटिपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।
11. साक्षात्कार के लिए कोई भी यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
12. विज्ञप्ति से सम्बन्धित आवेदन का प्रारूप एवं अन्य जानकारी जिले की वेबसाईट- www.ghazipur.nic.in तथा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(डा0 आनन्द विद्यार्थी)
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
गाजीपुर।

Scanned with CamScanner

## आयुष हेल्थ वेलनेस सेन्टर में योग प्रशिक्षक पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

पासपोर्ट साईज स्वप्रमाणित फोटो चस्पा करें।

1. आवेदित पद का नाम–..........................................................................
2. अभ्यर्थी का नाम–..........................................................................
3. पिता/पति का नाम–..........................................................................
4. पता–(क) स्थाई:–..........................................................................
..........................................................................पिन कोड–..........................
(ख) पत्र व्यवहार का पता–..........................................................................
..........................................................................पिन कोड–..........................
5. जन्मतिथि–..........................................................................
6. दिनांक–01.07.2020 को आयु (वर्ष......................माह............................दिन.............................. )
7. मोबाईल नं0 (व्हाट्सएप्प)–..........................................ई–मेल आई0डी0..............................
8. राष्ट्रीयता–..........................................................................
9. जाति–..........................................................................
10. आरक्षण की कोटि (प्रमाण पत्र संलग्न करें)–..........................................................
11. चरित्र प्रमाण पत्र (दो राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित) –.........................................
12. शैक्षणिक एवं व्यवसायिक योग्यता (प्रमाण पत्र संलग्न करें) –.........................................

| क0सं0 | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण किये जाने का वर्ष | बोर्ड अथवा संस्था का नाम | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

13. सेवायोजन पंजीयन कार्यालय का नाम व पंजीकरण संख्या यदि हो तो..............................................
14. अनुभव प्रमाण पत्र (संलग्न करें)

### घोषणा

मै..............................................एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त प्रमाण पत्र एवं प्रविष्टियां मेरी व्यक्तिगत जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही हैं तथा कोई भी तथ्य छुपाया नही गया है यदि कोई तथ्य/विवरण असत्य पाया जाता है तो मेरा आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जाय और मेरे विरूद्ध कार्यवाही भी की जाय।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

Scanned with CamScanner